तथ्य पत्रक

nystateofhealth
The Official Health Plan Marketplace

बाल दंत चिकित्सा बीमा

के बारे में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य

आप सस्ती स्वास्थ्य देखभाल के योग्य हैं।

NY State of Health न्यूयॉर्क का आधिकारिक स्वास्थ्य योजना बाज़ार है।

आज ही नामांकन करें।

nystateofhealth.ny.gov पर ऑनलाइन

1-855-355-5777 पर फ़ोन से
TTY
1-800-662-1220

info.nystateofhealth.ny.gov/findassistor इन-पर्सन असिस्टर पर जाएँ

NY State of Health लागू संघीय नागरिक अधिकारों के कानून और राज्य कानूनों के अनुपालन के तहत जाति, रंग, राष्ट्रीय मूल, संप्रदाय/धर्म, लिंग, आयु, वैवाहिक/पारिवारिक स्थिति, गिरफ्तारी के रिकॉर्ड, आपराधिक दोष, लिंग की पहचान, यौन अभिविन्यास, आनुवंशिक विशेषताओं, सैन्य स्थिति, घरेलू हिंसा पीड़ित की स्थिति और/या प्रतिशोध के आधार पर भेदभाव नहीं करता है।

आपके बच्चे की मुस्कुराहट से आपका दिन अच्छा हो जाता है। अगर आप आज उसका ध्यान रखेंगे तो उस का भविष्य स्वस्थ होगा।

लेकिन, किसी बाल दंत चिकित्सा योजना में नामांकन करवाने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

1 मुझे बाल दंत चिकित्सा का लाभ कैसे मिलेगा?

- सभी के पास बाल दंत चिकित्सा बीमा के लाभ हो सकते हैं, या तो किसी योग्य स्वास्थ्य योजना (Qualified Health Plan, QHP) के द्वारा, या किसी एकल बाल दंत चिकित्सा योजना के द्वारा।[1]
- अगर किसी परिवार में वयस्कों और बच्चों दोनों को बीमा करवाने की ज़रूरत है, तो आप QHP के भाग के रूप में पारिवारिक दंत चिकित्सा योजना या एकल पारिवारिक दंत चिकित्सा योजना भी ले सकते हैं।[2]

2 बाल दंत चिकित्सा बीमा की लागत कितनी है?

- मासिक प्रीमियम के साथ-साथ, बाल दंत चिकित्सा योजना में एक वार्षिक राशि भी काटी जाती है, जो कि आपके लिए देना ज़रूरी है। इससे पहले कि आपकी योजना उन सेवाओं को कवर कर ले जो निवारण लाभ नहीं हैं। अलग-अलग योजनाओं के लिए कटौती योग्य राशि अलग-अलग होती है।
- बाल दंत चिकित्सा योजना में कवर की गई सेवाओं के लिए सह-भुगतान या सह-बीमा भी हो सकते हैं।
- सभी बाल दंत चिकित्सा योजनाओं से
रिफंड न की जा सकने वाली राशि काटने की एक सीमा होती है, बच्चों के लिए $350 और परिवार के लिए $700। किसी भी कवरेज वर्ष में आपको अधिक से अधिक इतना भुगतान करना होगा।

[1] काउंटी में बाल दंत चिकित्सा योजनाएँ अलग-अलग हैं।
[2] पारिवारिक दंत चिकित्सा लाभों के बारे में अधिक जानकारी पाने के लिए *NY State of Health पारिवारिक दंत चिकित्सा कवरेज के तथ्य* देखें।

दंत चिकित्सा बीमा के बारे में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य

3 बाल दंत चिकित्सा योजना में क्या-क्या कवर होता है?

- बाल दंत चिकित्सा योजना के लाभों में चार प्रमुख श्रेणियाँ होती हैं: निवारक/मूलभूत, नियमित, गंभीर, और चिकित्सकीय रूप से आवश्यक दंत संशोधन।
- बाल दंत चिकित्सा योजना में आपातकालीन दंत चिकित्सा भी कवर होती है।

सेवा की श्रेणी	सेवा का उदाहरण
निवारक/मूलभूत	चेक-अप, सफ़ाई, फ़्लोराइड और सील
नियमित	जाँच, एक्स-रे, सामान्य भरावन और दांत निकलवाना
गंभीर	मुंह से की जाने वाली सर्जरी, दांतों में कैप लगवाना, नकली दांत लगवाना, ब्रिज बनवाना और रूट कनाल करवाना
दंत संशोधन	दांतों को मज़बूत करने के लिए ब्रेसेज़ लगवाना

- योजना के आधार पर इन दंत सेवाओं से जुड़ी रिफ़ंड न की जा सकने वाली राशि काफ़ी अलग-अलग हो सकती है।
- बच्चों के लिए दंत सेवाओं पर या दंत चिकित्सा के लाभों के लिए प्रतीक्षा करने पर कोई लाभ कैप लागू नहीं होती।

4 मुझे अपने बच्चे के लिए सबसे सही बाल दंत चिकित्सा योजना के बारे में कैसे पता चलेगा?

- NYSOH Dental Plan Comparison Tool की मदद से आप अलग-अलग बाल दंत चिकित्सा योजनाओं की लागत और लाभों की तुलना कर सकते हैं।[3] यह आपको मार्केटप्लेस वेबसाइट पर यहां मिलेगा: https://info.nystateofhealth.ny.gov/resource/dental-plan-comparison-tool
- मार्केटप्लेस वेबसाइट में एक NYS Provider & Health Plan Look Up Tool भी है, जिससे आप हर योजना में भाग लेने वाले दंत सेवा प्रदाताओं की सूची भी देख सकते हैं। यह आपको यहां मिलेगा: https://pndslookup.health.ny.gov/

[3] दंत चिकित्सा योजनाओं के बारे में पता करते समय, सुनिश्चित कर लें कि आप बाल दंत चिकित्सा लाभों की जानकारी देख रहे हैं, न कि पारिवारिक दंत चिकित्सा योजनाओं की क्योंकि उनमें वयस्कों को दिए जाने वाले लाभ भी शामिल होंगे।

Si usted habla un idioma diferente al inglés, los servicios de asistencia de idioma están disponibles gratis para usted. Llame al 1-855-355-5777 (TTY: 1-800-662-1220).

如果您使用的語言不是英語，您可以使用我們的免費語言支援服務。請致電 1-855-355-5777 (TTY: 1-800-662-1220)